आज की प्रेरणा हमेशा अपने आलोचकों की सराहना करो। ये हमारा झूठा दंभ निकालकर हमारी मदद कर रहे हैं।

Dr. Juneja's
EYE Mantra ®
दीजिए अपनी आँखों को कुदरती आई मंत्रा
प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रोप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रोप आंखों में होने वाली समस्याओं जैसे आंखों की थकान, आंखों का सूखापन, आंखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल बनाने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आंखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
24x7 Helpline: [illegible] • www.eyemantra.com

एजुकेशन भास्कर

स्कॉलरशिप्स/फेलोशिप्स

साइंस एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पढ़ाई का अवसर दे रही हैं ये स्कॉलरशिप्स

आईईटी इंडिया स्कॉलरशिप अवाइर्स 2023

किसके लिए : द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी), इंडिया द्वारा यह स्कॉलरशिप प्रदान की जा रही है। स्कॉलरशिप का उद्देश्य अंडर ग्रेजुएट इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स की रचनात्मकता, नवाचार, नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्टता को निखारने में मदद करना एवं भविष्य के इंजीनियरिंग लीडर्स को तैयार करना है।

योग्यता : एआईसीटीई/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से फुल टाइम, रेग्युलर, अंडर ग्रेजुएट इंजीनियरिंग प्रोग्राम के किसी भी स्ट्रीम के किसी भी वर्ष में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। लेटरल एंट्री द्वारा बीटेक प्रोग्राम के सेकंड ईयर में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स भी आवेदन के पात्र हैं। कैंडिडेट ने पहली बार में ही सभी रेग्युलर क्रेडिट कोर्स को पास कर लिया हो। साथ ही अब तक पास किए गए सेमेस्टर में कैंडिडेट का एग्रीगेट कम से कम 60 प्रतिशत या इसके समकक्ष 10 में से 6 सीजीपीए स्कोर होना चाहिए।

क्या मिलेगा : चयनित कैंडिडेट्स को 10 लाख रुपए तक की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।

आवेदन की अंतिम तिथि : 3 जून 2023

अधिक जानकारी के लिए देखें : www.b4s.in/dbl/IET3

वैभव फैलोशिप 2023

किसके लिए है : विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली द्वारा पीएचडी/एमडी/एमएस डिग्री होल्डर कैंडिडेट्स से फेलोशिप के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

योग्यता : विदेश में रहने वाले ऐसे एनआरआई, पीआईओ व ओसीआई आवेदन के पात्र हैं, जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से पीएचडी/एमडी/एमएस की डिग्री प्राप्त की हो। इसके अलावा कैंडिडेट को टॉप 500 क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी-रैंक वाले शैक्षणिक / अनुसंधान / औद्योगिक संगठनों में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के एक ट्रैक रिकॉर्ड के साथ रिसर्चर होना चाहिए। आवेदक को 3 साल तक प्रत्येक वर्ष एक से दो महीने के लिए भारतीय संस्थान में रिसर्च करने के लिए इच्छुक होना चाहिए।

क्या मिलेगा : चयनित कैंडिडेट को लगभग 4 लाख रुपए की फेलोशिप और अन्य लाभ प्रदान किए जाएंगे।

आवेदन की अंतिम तिथि : 31 जुलाई 2023

अधिक जानकारी के लिए देखें : www.b4s.in/dbl/VAIB6

सवाल और सुझाव के लिए
ई-मेल कीजिए education@dbcorp.in

प्लास्टिक टेक्नोलॉजी में दो कोर्स शुरू करेगा सिपेट

भागलपुर | प्लास्टिक टेक्नोलॉजी के लिए डिप्लोमा स्तर के कोर्स करने के लिए छात्रों को अब किसी दूसरे शहर नहीं जाना होगा। इसके लिए अगले साल से एडमिशन होंगे। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) दो नए कोर्स शुरू करेगा। इसके लिए मशीनों की खेप आनी शुरू हो गई है। मंगलवार को सर्फेस ग्राइंडर मशीन आ गई है। अलीगंज स्थित सिपेट में अगले साल से डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी (डीपीटी) व डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्डिंग (डीपीएम) के दो नए कोर्स शुरू होंगे।

उज्बेकिस्तान केमिकल ओलिंपियाड में भाग लेंगे सीबीएसई स्कूलों के बच्चे

पटना | द रिपब्लिक ऑफ उज्बेकिस्तान की ओर से इंटरनेशनल अल-बेरूनी केमिकल ओलिंपियाड 11 से 17 जून तक किया जाएगा। इस केमिकल ओलिंपियाड में सीबीएसई बोर्ड से एफिलिएटेड विद्यार्थी भी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में 15 से 18 वर्ष के बच्चे ही भाग ले सकेंगे। ओलिंपियाड में भाग लेने के लिए 27 मई से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ओलिंपियाड में एक टीम में पांच बच्चे होंगे। ओलिंपियाड में भाग लेने के लिए बच्चों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

पीयू में स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष बने डॉ शिव सागर

पटना | पटना विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग का अध्यक्ष डॉ शिव सागर प्रसाद को बनाया गया है। मंगलवार को पटना विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। ये पटना विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड के सेक्रेटरी भी हैं। इनके विभागाध्यक्ष बनने पर पूटा के महासचिव डॉ अभय कुमार, पीयू हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ दिलीप राम, पटना कॉलेज के अर्थशास्त्र के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ वीके दास ने बधाई दी।

करंट अफेयर्स

डॉ. गुरु एम रहमान
प्रतियोगिता परीक्षा विशेषज्ञ
gururahmansir@gmail.com

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ये सवाल-जवाब उपयोगी होंगे।

किस देश ने अंतरराष्ट्रीय मंगा पुरस्कार के 17वें संस्करण के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं?

- जापान ने अंतरराष्ट्रीय मंगा पुरस्कार के 17वें संस्करण के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

एशियाई U18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय एथलीटों आरती और खुशबू यादव ने किस देश में लड़कियों की 5000 मीटर रेस वॉक में तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया?

- भारतीय एथलीट आरती और खुशबू यादव ने उज्बेकिस्तान में आयोजित एशियाई U18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लड़कियों की 5000 मीटर रेस वॉक में तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया।

विश्व बैंक ने किस देश में तीन नई परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए 1.25 बिलियन अमरीकी डॉलर की मंजूरी दी है?

- विश्व बैंक ने बांग्लादेश में तीन नई परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए 1.25 बिलियन अमरीकी डॉलर की मंजूरी दी है।

ऑपरेशन कावेरी किससे संबंधित है?

- सूडान में फंसे भारतीय नागरिक को निकालने के लिए यह भारतीय सरकार की पहल है।

एफएमजीई • नेशनल मेडिकल कमीशन ने कहा, हमारे अधीन नहीं एम्स

विदेश से एमबीबीएस करने वाले स्टूडेंट्स अब एम्स से नहीं कर सकेंगे इंटर्नशिप

दीपक आनंद | जयपुर

विदेश से एमबीबीएस पूरी करने के बाद अब फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स देश के एम्स में इंटर्नशिप नहीं कर पाएंगे। विदेश से एमबीबीएस करने वाले छात्रों के लिए देश में प्रैक्टिस के लिए एक साल (कुछ विशेष मौकों को छोड़कर) की इंटर्नशिप अनिवार्य रहती है। इससे पहले ये छात्र एम्स में इंटर्नशिप के लिए पात्र थे, लेकिन अब नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। दरअसल, एनएमसी ने कहा है कि एम्स उनके अधीन नहीं आते हैं। ऐसे में सभी स्टेट मेडिकल काउंसिल उनके राज्यों में स्थित एम्स की सीटों को इंटर्नशिप के लिए एफएमजी को आवंटित नहीं करें। इससे पहले एनएमसी ने 22 फरवरी को एफएमजी छात्रों को अलॉट किए जाने वाले कॉलेजों की सूची जारी की थी। इसके बाद कमीशन के पास इंटर्नशिप के लिए एम्स अलॉट किए जाने को लेकर काफी क्वेरीज भी आई थीं। इस पर एनएमसी ने हाल में स्पष्टीकरण जारी किया है। अंडर ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड के डायरेक्टर शंभुशरण कुमार ने इसे लेकर नोटिस जारी किया है।

उधर, एम्स पहले ही डॉक्टर्स की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में अधिक इंटर्न मिलने से वर्तमान में कार्यरत चिकित्सकों पर काम का भार कम होता। इंटर्नशिप के दौरान स्टूडेंट्स, इनडोर व आउटडोर की चिकित्सा व्यवस्था को समझने, सीनियर्स व डॉक्टर्स के काम में सहयोग करते हैं। इंटर्नशिप के दौरान स्टूडेंट्स के क्लिनिकल और प्रैक्टिकल नॉलेज दी जाती है।

18 एम्स में 1700 से अधिक पोस्ट वैकेंट

कुल एम्स में से 18 में करीब 1700 डॉक्टर्स के पद रिक्त हैं। यह जानकारी पिछले दिनों केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोकसभा में दी थी। एम्स राजकोट में ही मात्र 40 चिकित्सक कार्यरत हैं। इसके बाद सबसे कम चिकित्सक विजयपुर व गोरखपुर में है। दिल्ली में 363 पद रिक्त हैं।

विदेश से एमबीबीएस करने वालों में बढ़ोतरी



• नोट: संख्या FMGE देने वालों की।

कंप्यूटर साइंस व इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर नियुक्ति परीक्षा 26 को होगी

पटना | इंजीनियरिंग कॉलेजों में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में सहायक प्रोफेसर नियुक्ति के लिए लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 26 मई को होगी। पटना के परीक्षा केंद्रों पर 12 से 2 बजे तक परीक्षा होगी। इस संबंध में बीपीएससी मंगलवार को सूचना जारी कर दी। परीक्षा के एक सप्ताह पूर्व आयोग के वेबसाइट www.onlinebpsc.bih.gov.in पर अपलोड होगा। अभ्यर्थी यहां से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

पीयू : पैट का रिजल्ट 10 तक, इंटरव्यू का आवेदन ऑनलाइन

पटना | पटना विश्वविद्यालय में पैट (पीएचडी एंट्रेंस टेस्ट) का रिजल्ट 10 मई तक जारी होने की संभावना है। परीक्षा नियंत्रक मनोज कुमार ने बताया कि टेस्ट का रिजल्ट 10 मई तक जारी करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद आगे की प्रक्रिया संबंधित विभागों के द्वारा की जाएगी। रिजल्ट जारी होने के बाद साक्षात्कार का आयोजन संबंधित विभागों के द्वारा की जाएगी। इसके लिए विधि के द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

नीट यूजी 7 मई को होगी, राज्य के 27 शहरों में सेंटर

एनटीए ने सभी डीएम को सुरक्षा के लिए जारी किया पत्र

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के द्वारा मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 7 मई को होगी। इसके लिए परीक्षार्थियों के परीक्षा शहर की जानकारी दे दी गयी है। नीट यूजी 2023 राज्य के 27 शहरों में आयोजित की जायेगी। एनटीए ने इस संबंध में सभी जिला पदाधिकारियों को पत्र जारी कर दिया है। एनटीए ने परीक्षा को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से सभी जिला अधिकारियों को विशेष सुरक्षा व्यवस्था देने और परीक्षा पर कड़ी नजर रखने को कहा है। नीट यूजी 2023 में 20.87 लाख से अधिक छात्रों शामिल होंगे। राज्य से एक लाख से अधिक छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल होंगे। राज्य में पटना, गया, हाजीपुर, मधुबनी, नालंदा, सीतामढ़ी, वैशाली, आरा, औरंगाबाद, बेगूसराय, बेतिया, भागलपुर, बक्सर, दरभंगा, गोपालगंज, जहानाबाद, कटिहार, लखीसराय, मधेपुरा, मोतिहारी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, समस्तीपुर, सासाराम, सीवान, सुपौल में परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। नीट यूजी परीक्षा के 48 से 72 घंटे पहले एनटीए एडमिट कार्ड जारी करेगा। परीक्षा से छह दिन पहले सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी कर दिया गया है। ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा शहर की जानकारी पहले मिल जाये और स्टूडेंट्स उस शहर में पहुंच जायें, जहां परीक्षा होगी।

नीट यूजी 7 मई को दोपहर दो बजे से शाम 5:20 बजे तक आयोजित होगा। प्रवेश परीक्षा 720 अंकों की ही होगी तथा परीक्षा का पैटर्न भी पिछले साल की तरह रहेगा। इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है।

आईआईटी पटना में सितंबर तक लगेगा सुपर पावर कंप्यूटर

पटना | आईआईटी पटना में 20 करोड़ रुपए की लागत से सितंबर 2023 तक सुपर कंप्यूटर लगेगा। नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन के तहत सुपर कंप्यूटर पावर की स्थापना आईआईटी में की जा रही है। इसको लेकर आईआईटी पटना और सीडैक के बीच एक एमओयू किया गया है। सीडैक चिप लगा रहा है। एमओयू पर आईआईटी पटना के निदेशक प्रो टीएन सिंह और सी-डैक के महानिदेशक (डीजी) ई मगेश ने हस्ताक्षर किया। इस मौके पर नोडल अधिकारी प्रो सोमनाथ त्रिपाठी, डॉ स्नेहासिस दास चक्रवर्ती, सी-डैक की टीम उपस्थित थी। प्रो टीएन सिंह ने कहा कि इससे 833 टेरा फ्लॉप एक ट्रिलियन फ्लोटिंग प्वाइंट ऑपरेशन के साथ डेटा की गणना कर सकते हैं। सुपर कंप्यूटर का सबसे बड़ा फायदा मौसम पूर्वानुमान लगाने में मिलेगा। इससे खेतीबारी से लेकर बाढ़ की संभावना पर अलर्ट किया जा सकेगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से देश के नौ संस्थानों में आईआईटी पटना का चयन किया है। यही नहीं उद्यमिता के क्षेत्र में भाग्य आजमाने वाले युवाओं को इससे बहुत फायदा मिलेगा।

सीईटी-बीएड का कॉलेज चुनने में रखें वरीयता का ध्यान, आज आखिरी मौका

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

राज्य स्तरीय बीएड नामांकन प्रक्रिया (सीईटी-बीएड-2023) में च्वॉइस फिलिंग (कॉलेज चयन) के लिए बुधवार को अंतिम मौका है। अभ्यर्थियों के लिए यह पहला और अंतिम मौका होगा, इसके बाद च्वॉइस फीलिंग के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का मौका छात्र-छात्राओं को नहीं मिलेगा। यही वजह है कि यह निर्देश जारी किए गए हैं कि जो भी कॉलेज अभ्यर्थी चुनें वह सोच समझ कर चुनें। अगर एक बार कोई कॉलेज अलॉट हो जाता है तो फिर उन्हें कॉलेज बदलने का मौका नहीं दिया जाएगा। सीट छोड़ने के बाद वह सीट दूसरे अभ्यर्थी को एलॉट हो जाएगा। अलॉटेड सीट पर अभ्यर्थी का कोई दावा नहीं रह जाएगा। इसके बाद उन्हें सीधा स्पॉट नामांकन में मौका मिलेगा लेकिन वे अपनी पुरानी अलॉटेड सीट गवा चुके होंगे।

एक छात्र 9 कॉलेज का कर सकते हैं चुनाव : एक छात्र कुल 9 कॉलेज का ही चुनाव कर सकते हैं। एक विश्वविद्यालय से कम से कम 3 कॉलेजों का चयन करना अनिवार्य है। शुल्क जमा हो जाने के बाद किसी भी परिस्थिति में च्वॉइस वापस नहीं होगा। बीएड के लिए राज्य के 14 विश्वविद्यालयों के 342 कॉलेजों में 37350 सीटें हैं।

स्पॉट राउंड में सीटें खाली रहने पर ही नामांकन

दो राउंड के बाद भी अगर कॉलेजों में सीटें खाली रहीं तो स्पॉट राउंड में अभ्यर्थियों को मौका मिलेगा। स्पॉट राउंड की प्रक्रिया 14 जून से 24 जून के बीच होगी। खाली सीटों पर संबंधित कॉलेजों में अभ्यर्थी आवेदन करेंगे इसके बाद कॉलेज मेरिट के आधार पर नामांकन लेंगे। कहां किस कॉलेज में कितनी सीटें खाली रह गयी हैं, यह संबंधित कॉलेज अपने नोटिस बोर्ड पर चिपकाएंगे और फिर मेरिट लिस्ट जारी कर नामांकन लेंगे। 1 जुलाई से कक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी।

ऑटोनोमस पटना वीमेंस कॉलेज में पहला दीक्षांत समारोह 26 को

पटना | पटना वीमेंस कॉलेज का पहला दीक्षांत समारोह 26 मई को आयोजित होगा। इसमें कोरोना काल की छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। कॉलेज के ऑटोनॉमस होने के बाद पहली बार इसका आयोजन किया जा रहा है। इसमें 2018 से लेकर 2021 तक की छात्राएं शामिल होंगी। स्नातक (2018-21), पीजी 2018-20, (2019-21), बीएड (2018-20), (2019-21) और एमसीए (2018-21, 2019-22) की छात्राएं शामिल होंगी। छात्राएं http://pup.ac.in/annualconvocation.aspx पर आवेदन कर सकती हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110 067
www.nihfw.org
स्व-प्रायोजित उम्मीदवारों के लिए वर्ष 2023-24 के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत आवासीय पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर डिप्लोमा [illegible] के लिए [illegible] (अवधि: एक वर्ष)
[illegible] 110067 को अधिकतम 16 जून, 2023 तक पहुंच जाना चाहिए। [illegible]
CBC 17153/12/0003/2324
निदेशक

गनी खान चौधरी इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक केंद्रीय वित्तपोषित तकनीकी संस्थान)
नारायणपुर, जिला: मालदा, पिन - 732141, पश्चिम बंगाल
विज्ञापन संख्या: 01/2023, दिनांक: 01.05.2023
शिक्षण और गैर शिक्षण पदों की भर्ती
GKCIET, मालदा विभिन्न शिक्षण (प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर) और गैर-शिक्षण (रजिस्ट्रार, सहायक रजिस्ट्रार, पीए से निदेशक और तकनीकी सहायक) पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। पद, योग्यता, अनुभव, आयु सीमा और आवेदन करने की अन्य प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट: www.gkciet.ac.in देखें। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31.05.2023 (मध्यरात्रि)
दिनांक: 01.05.2023
निदेशक

INDIRA GANDHI INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
Sheikhpura, Patna-800014 (Bihar, India)
Tel. : 0612-2297631, 2297099, Fax : 0612-2297225,
Website : www.igims.org; E-mail : director@igims.org
Urgent Short Quotation Notice No.: 24/2022-23 / IGIMS / Store
Urgent Short Quotation Notice
Indira Gandhi Institute of Medical Sciences, Patna invites bids from eligible and qualified manufacturers or their authorized distributors/agents for Rate Contract towards supply, installation & commissioning of Bio-Medical Equipment / Instruments for the department of **Microbiology, Gynecological Oncology, Reproductive Medicine, Blood Bank, Urology and State Cancer Institute to the Indira Gandhi Institute of Medical Science.**
The last date of submission of bidding document along with EMD and Tender document fee is 16/05/2023 up to 4 P.M. The technical bids will be opened on 17/05/2023 at 3:00 P.M.
Details of terms and conditions can be seen and downloaded from Institute Website: **www.igims.org.**
The undersigned reserves the right to accept/reject any or all tenders without assigning any reason. Prospective bidders are advised to regularly visit **www.igims.org** for Corrigendum/ amendments etc., if any. It will be notified on these portals only and no separate advertisement will be made.
Sd/- DIRECTOR, IGIMS, PATNA-14

लोक-सुनवाई की सूचना
1. मैसर्स [illegible] इंडिया प्रा० लि०, (प्रो०- श्री दीनानाथ तिवारी), वार्ड नं० - 18, [illegible] ऑफिस- भभुआ, कैमूर - 821101 द्वारा सोन 5 बालू घाट खाता नं० - 1080, खेसरा नं०-2859, 2860 और 2861, मौजा- मसौढ़ा, पोस्ट ऑफिस- पालीगंज, ब्लॉक - पालीगंज, जिला - पटना,
2. मैसर्स ललन कुमार कॉन्ट्रैक्टर एण्ड सप्लायर, (प्रो०- श्री ललन कुमार), [illegible], पोस्ट ऑफिस- सोनपुर, जिला- सारण (बिहार) - 841101 द्वारा सोन 6 बालू घाट मौजा - मसौढ़ा, पोस्ट ऑफिस - [illegible] - पालीगंज, जिला- पटना,
3. मैसर्स राणा इंटरप्राइजेज, (प्रो०- श्री राणा सौरभ), जय प्रकाश नगर, [illegible], झारखण्ड - 826001 द्वारा सोन 3 बालू घाट मौजा - महाबलीपुर, अंचल - पालीगंज, जिला-पटना एवं
4. मैसर्स [illegible], एम. - 448, [illegible], रोड नं0-4, कंकड़बाग, पटना - 800020 द्वारा सोन 8 बालू घाट मौजा- जलपुरा मसौढ़, अंचल - पालीगंज, जिला-पटना
द्वारा बालू खनन परियोजना से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त है। इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित, के आलोक में परियोजना को TOR (Terms of Reference) निर्गत किया गया है तथा लोक - सुनवाई की जानी है।
परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है जिसमें सम्भावित कुप्रभावों को नियंत्रण करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति जिला पदाधिकारी, जिला - पटना, कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, जिला - पटना, जिला उद्योग केन्द्र, जिला - पटना एवं जिला खनन कार्यालय, जिला - पटना के अतिरिक्त बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्, मुख्यालय, पटना के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध है। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाइट http://bspcb.bihar.gov.in पर किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव / विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में जमा कर सकते हैं। साथ ही पर्षद् के ई-मेल- msbspcb-bih@gov.in अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव / विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।
परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक - सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया है :-

दिनांक	समय	अंचल का नाम	बालू घाट का मौजा	बालू घाट का नाम	लोक-सुनवाई का स्थल
07.06.2023	पूर्वाह्न 11:00 बजे	पालीगंज	मसौढ़ा	Patna SON-05	अंचल कार्यालय, पालीगंज, जिला-पटना
07.06.2023	अपराह्न 03:00 बजे	पालीगंज	मसौढ़ा	Patna SON-06	अंचल कार्यालय, पालीगंज, जिला-पटना
08.06.2023	पूर्वाह्न 11:00 बजे	पालीगंज	महाबलीपुर	Patna SON-03	अंचल कार्यालय, पालीगंज, जिला-पटना
08.06.2023	अपराह्न 03:00 बजे	पालीगंज	जलपुरा मसौढ़ा	Patna SON-08	अंचल कार्यालय, पालीगंज, जिला-पटना

सभी आम लोगों / संबंधितों से अनुरोध है कि उपरोक्त लोक-सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड- 19 गाईड लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य / सुझाव / विचार से अवगत करायेंगे।
सदस्य-सचिव
बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्
परिवेश भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना-800 010
दूरभाष नं0-0612-2261250/2262265, फैक्स-0612-2261050
ई-मेल- msbspcb-bih@gov.in वेबसाईट- http://bspcb.bihar.gov.in

भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर
प्रबंध शिखर, राऊ-पीथमपुर रोड,
इंदौर 453556 (म.प्र.)
निदेशक
भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर (आईआईएमआई) निदेशक पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। निदेशक विश्व स्तरीय अकादमिक मानकों के एक प्रासंगिक बिजनेस स्कूल बनने के संस्थान के प्रयास के मिशन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध टीम का नेतृत्व करेंगे।
भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर के पास वर्तमान में विभिन्न कार्यक्रमों में 1800 से अधिक छात्र एवं 100 से अधिक संकाय सदस्य हैं। प्रबंध शिक्षा के विभिन्न आयामों (सेगमेंट्स) को पूरा करने हेतु संस्थान द्वारा प्रबंधन में पांच वर्ष का एकीकृत कार्यक्रम (आईपीएम) एवं कुछ अन्य अभिनव कार्यक्रम आरम्भ किए गए हैं। संस्थान के अकादमिक कार्यक्रमों को तीन अंतर्राष्ट्रीय मान्यताएं प्राप्त है।
संस्थान के अकादमिक प्रमुख और कार्यपालक की भूमिका में निदेशक, सभी अकादमिक और प्रशासनिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करेंगे। इनमें उद्योग के साथ संबंधों को बढ़ाने सहित सभी हितधारकों के साथ संबंधों को बढ़ावा देना सम्मिलित होगा।
चयनित उम्मीदवार का कार्यकाल पांच वर्ष अथवा सत्तर (70) वर्ष की अधिवर्षिता आयु, जो भी पहले हो तक होगा। रविवार 1 जनवरी 2023 को उम्मीदवार की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
इच्छुक उम्मीदवार विहित प्रारूप में अपना विस्तृत सीवी (जीवन-वृत्त) निर्धारित प्रारूप में अपना विवरण के साथ ई-मेल द्वारा search-comm2023@iimidr.ac.in पर भेज सकते हैं।
उम्मीदवार अपने विस्तृत सीवी की एक प्रतिः आईआईएमआई निदेशक खोज-सह-चयन समिति, भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर, प्रबंध शिखर, राउ-पीथमपुर रोड, इंदौर 453556 के पते पर भी भेजें।
ई-मेल और हार्ड कॉपी द्वारा आवेदन बुधवार, 31 मई 2023 को या उससे पहले खोज समिति को प्राप्त हो जाना चाहिए।
आईआईएम इंदौर की विस्तृत जानकारी निम्नलिखित वेबलिंक पर उपलब्ध है: http://www.iimidr.ac.in
EQUIS ACCREDITED
AACSB ACCREDITED
ASSOCIATION OF MBAS ACCREDITED